कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद

आदेश

माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्रांक सं0-1647/एसएलएसए-49/2024 (हैदर) दिनांकित 29.05.2026 के द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ है कि जनपद फिरोजाबाद में धारा 22 बी, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अन्तर्गत गठित न्यायालय स्थायी लोक अदालत में सदस्य के 02 पद हेतु ऐसे व्यक्तियों, जो जन उपयोगी सेवाओं, यातायात सेवा, डाकतार व टेलीफोन सेवा, विद्युत प्रकाश व जल सेवा लोक सफाई व स्वच्छता प्रणाली सेवा अस्पताल व औषधि सेवा एवं बीमा सेवा के क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव रखते हों, से आवेदन पत्र संलग्न निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये जा रहे हैं।

सदस्य पद के लिए निर्धारित मानदेय मु0-2,000/-रू० प्रति बैठक एवं मु०-5,000/- रू० प्रतिमाह सवारी भत्ता देय होगा।

सदस्य पांच वर्ष की अवधि के लिए या पैंसठ वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, तक पद धारण करेगा। आवेदक को आवेदन के साथ दो नवीनतम पासपोर्ट फोटो और दो स्वयं के पते सहित लिफाफे (पंजीकृत डाक हेतु निर्धारित डाक टिकट सहित) संलग्न करना होगा।

उपरोक्त पद के आवेदन हेतु इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन दिनांक 10.07.2026 की सायं 05:00 बजे तक निम्न पते पर रजिस्टर्ड डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद में प्राप्त करा दें।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(योगेश शिवा)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
फिरोजाबाद।

प्रतिलिपि :

1. माननीय सदस्य सचिव, उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ को सूचनार्थ ।
2. श्रीमान नोडल अधिकारी कम्प्यूटर फिरोज़ाबाद को जनपद न्यायालय फिरोजाबाद की बेवसाईट पर अपलोड करने एवं माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की बेवसाईट मे अपलोड किये जाने सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
3. जिला सूचना अधिकारी, फिरोजाबाद को समस्त समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु ।
4. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु ।
5. स्थायी लोक अदालत, फिरोजाबाद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु ।
6. दीवानी न्यायालय फिरोजाबाद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु ।
7. बार एसोसिएशन फिरोजाबाद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
8. कलेक्ट्रेट के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु ।

(योगेश शिवा)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
फिरोजाबाद।

नोट-उक्त आवेदन पत्र जनपद न्यायालय फिरोजाबाद की निम्न वेबसाइट https://firozabad.dcourts.gov.in पर जाकर डाउनलोड किया जा सकता है।

Application (Proforma) for the post of Members, Permanent Lok adalats

(Extablished under section, 22B of the Legal Services Authorities Act, 1987)

(To be Filled Personally by the applicant)

1. Name..
   (Capital Letters)
2. Father's Name /W/O ....
3. Present address ....

   ....

   Mobile & Landline No..

   E-mail ID...
4. Occupation ....
5. Permanent Address (attach copy of address proof) ....

   ....
6. Date of Birth ....
7. Educational Qualification ....
8. Any other special qualification / achievement, If any ....
9. Experience in the field of public Utility Services/ Legal Services Institutions ....

   ....
10. List of certificates attached ....

Date:

Place:

Signature of applicant